संख्या:26/2023/34/35-4-2023/001-35-4099/422/2021

प्रेषक,

डा0संजीव भारद्वाज,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गाजीपुर।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 05 जनवरी,2023

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद-गाजीपुर में शासनादेश संख्या-511/2021/2420/35-4-2021 दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित 17 कार्यों की अनुमोदित लागत रू0 300.71 लाख पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 227.09 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी, गाजीपुर द्वारा पत्रांक: 626/त्व0आ0वि0यो0/2022, दिनांक 20 दिसम्बर,2022 द्वारा उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत कार्यों में से 10 कार्यों हेतु पूर्व में अवमुक्त की गई धनराशि रू0 150.00 लाख के सापेक्ष 75 प्रतिशत से अधिक धनराशि का व्यय होना इंगित किया गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश से स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए देय अवशेष धनराशि रू. 64.84 लाख (रूपये चौसठ लाख चौरासी हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य का नाम	अनुमोदित लागत	पूर्व में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	ग्राम-लक्ष्मनपुर चोचकपुर में सेवक प्रजापति के घर से अशोक सिंह के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण।	16.30	15.00	01.30
2	ग्राम-नैसारा में राष्ट्रीय राजमार्ग से प्राथमिक बालिका विद्यालय तक सी.सी. निर्माण।	15.19	15.00	0.19
3	ग्राम हुसैनपुर में पिन्टू विन्द के घर से श्यामा बिन्द के डेरा तक सी.सी. व नाली निर्माण।	16.78	15.00	01.78
4	ग्राम-हुसैनपुर में आदर्श बाजार पिच रोड से रामनाथ तिवारी के घर तक सी.सी. निर्माण।	15.99	15.00	0.99
5	बबेड़ी विरहिमाबाद में पिच रोड से पूर्व एम0एल0सी0 श्री बाबूलाल वलवन्त के घर तक सी.सी. निर्माण।	26.09	15.00	11.09
6	ग्राम-सौरम में गौचर चौराहे से रामदरश बिन्द के मशीन तक सी.सी. निर्माण।	25.80	15.00	10.80
7	आदर्श बाजार पवहारी बाबा गेट के सामने से धमेन्द्र शर्मा के घर होते हुए दुर्गा मन्दिर तक सी.सी. निर्माण।	27.30	15.00	12.30
8	ग्राम-मदनही मल्लाह बस्ती में ब्रम्ह बाबा के स्थान से कोयला बाबा के स्थान तक सी.सी. निर्माण।	31.67	15.00	16.67
9	ग्राम-खिजिरपुर पुलिया से राममूरत कुशवाहा के घर तक सी.सी. निर्माण।	20.34	15.00	05.34
10	मोहल्ला-तुलसीसागर में गिरधारी लाल जायसवाल के घर से गोपाल राय के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण।	19.38	15.00	04.38
	योग-	214.84	150.00	64.84

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चिमत किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 64,84,000 (रूपये चौसठ लाख चौरासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(डा0संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

संख्या: 26/2023/34(1)/35-4-2023/001-35-4099/422/2021तद्दिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी ।
7- मण्डलायक्त. वाराणसी मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लखनऊ। ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, गाजीपुर।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, गाजीपुर।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी. गाजीपर।
13- अधिशासी अभियंता, अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग गाजीपुर।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डा0संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in